प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.05 मंगलवार** **दिनांक 21.05.2024**

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचार:—**

1— चुनाव आयोग ने शुरू की मतगणना की तैयारी—छत्तीसगढ़ के चौंतीस अधिकारियों को दूसरे राज्यों के लिए बनाया गया आब्जर्वर।

2— सुकमा और दंतेवाड़ा जिले में एक इनामी सहित बारह माओवादी गिरफ्तार।

3— महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले में कोरबा पुलिस ने गोवा से सात अंतर्राज्यीय सटोरियों को गिरफ्तार किया।

4— अगले चौबीस घंटों के दौरान बस्तर संभाग में एक—दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने या गरज—चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना।

---

**<u>मतगणना—तैयारी</u>**

चुनाव आयोग ने छत्तीसगढ़ सहित देशभर में चार जून को होने वाली मतगणना की तैयारियां शुरू कर दी हैं। आयोग ने मतगणना के लिए विधानसभावार आब्जर्वरों की नियुक्ति कर दी है। इसमें देशभर के अखिल भारतीय और राज्य सेवा के अधिकारी भी शामिल हैं। छत्तीसगढ़ के चौंतीस अधिकारियों को मतगणना के लिए दूसरे राज्यों में आब्जर्वर बनाया गया है। छत्तीसगढ़ में मतगणना कराने के लिए एडिशनल कलेक्टर रैंक के इकतालीस अधिकारी आ रहे हैं। चुनाव आयोग ने सभी अधिकारियों को दो जून तक निर्धारित विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचने के निर्देश दिए हैं।

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के तहत अब तक पांच चरणों में पांच सौ तैंतालीस में से चार सौ उनतीस सीटों के लिए मतदान की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। वहीं, दो चरणों का मतदान अभी बाकी है। छठवें चरण की सीटों के लिए पच्चीस मई और सातवें चरण में एक जून को वोट डाले जाएंगे। छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में मतदान संपन्न हो चुका है।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–निर्देश

छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को चार जून मतगणना के दिन केंद्रों में पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन और मतगणना अभिकर्ताओं के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मतगणना हॉल के भीतर मतगणना के परिणाम का योग करने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी और उनके निर्वाचन अभिकर्ता को एक–एक एनालॉग कैलकुलेटर प्रदान करने की व्यवस्था करने को भी कहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को अभ्यर्थियों और निर्वाचन अभिकर्ताओं को इन व्यवस्थाओं से अवगत कराने के साथ ही इसके व्यापक प्रचार–प्रसार के निर्देश भी दिए हैं।

## राजकीय शोक

ईरान के दिवंगत राष्ट्रपति डॉक्टर सैय्यद इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियन के सम्मान में आज देशभर में एक दिन का राजकीय शोक घोषित किया गया है। राजकीय शोक की अवधि में छत्तीसगढ़ में भी सभी शासकीय भवनों में राष्ट्रीय ध्वज आधे झुके रहेंगे और शासकीय स्तर पर कोई मनोरंजन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित नहीं होंगे।

## माओवादी गिरफ्तार

सुकमा जिले में सुरक्षा बलों ने दस माओवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इनमें से एक माओवादी पर एक लाख रूपये का इनाम घोषित था। मिली जानकारी के अनुसार माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर जिला पुलिस बल, डीआरजी और कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम को दुलेड़, बोट्टेतोंग, रासापल्ली, पीनाचंदा, ईरापल्ली, मेट्टामुड़ेम और आसपास के क्षेत्रों की ओर रवाना किया गया। इसी दौरान दुलेड़ के जंगल में घेराबंदी कर दस माओवादियों को पकड़ा गया। इन पर हत्या, अपहरण सहित अन्य माओवादी गतिविधियों में शामिल रहने का आरोप है।

वहीं, दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र में भी पुलिस ने दो माओवादियों को गिरफ्तार किया है। दंतेवाड़ा पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की है। पुलिस ने गिरफ्तार माओवादियों के पास से एक टिफिन बम, दो डेटोनेटर, बिजली वायर और माओवादी पर्चा बरामद किया है।

**<u>आरटीई–प्रवेश</u>**

निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम–आरटीई के तहत चालू शैक्षणिक वर्ष में निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन लॉटरी की प्रक्रिया शुरू हो गई है। लोक शिक्षण संचालनालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में संचालित साढ़े छह हजार से अधिक निजी विद्यालयों की प्रारंभिक कक्षा में कुल आरक्षित बावन हजार से अधिक सीटों में प्रवेश के लिए एक लाख बाईस हजार से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए हैं। निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए प्रथम चरण में रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव, कवर्धा, जशपुर और जगदलपुर जिलों में सोलह हजार छत्तीस विद्यार्थियों का चयन हुआ है।

चयनित विद्यार्थियों को उनके मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से सूचित किया जाएगा। इसके बाद इन विद्यार्थियों को एक जून से तीस जून के मध्य चयनित विद्यालयों में प्रवेश लेना होगा। बाकी बची सीटों पर

आवेदक एक से आठ जुलाई के बीच आवेदन कर सकेंगे। द्वितीय चरण की लॉटरी प्रक्रिया सत्रह से बीस जुलाई के बीच की जाएगी।

इस बीच, निजी स्कूलों के लिए स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने सभी जिला कलेक्टरों को पत्र लिखकर आरटीई वाले बच्चों की ड्राप आउट रिपोर्ट तलब की है।

**<u>शराब घोटाला मामला</u>**

कथित शराब घोटाला मामले में चौदह दिन की रिमांड खत्म होने के बाद सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा और पूर्व आबकारी विशेष सचिव अरूणपति त्रिपाठी को कल रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया गया। कोर्ट ने अनिल टुटेजा की न्यायिक रिमांड तीन जून तक बढ़ा दी है। वहीं, अरुणपति त्रिपाठी की जमानत याचिका खारिज कर दी है।

**<u>शराब दुकान–कैशलेस भुगतान</u>**

लंबे समय से राज्य की शराब दुकानों में निर्धारित मूल्य से अधिक पर शराब बेचे जाने की शिकायत मिल रही थी। इसके बाद राज्य सरकार ने शराब दुकानों में कैशलेस भुगतान की सुविधा शुरू करने का फैसला किया है। वर्तमान में शराब बोतल पर अंकित क्यू.आर. कोड को स्कैन करके नगद भुगतान के जरिये विक्रय किया जा रहा है। अब ऑनलाइन भुगतान और यूपीआई के माध्यम से कैशलेस भुगतान की सुविधा शुरू हो जाने से शराब दुकानों में निर्धारित राशि से अधिक राशि नहीं ली जा सकेगी।

**<u>महादेव सट्टा–आरोपी गिरफ्तार</u>**

महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले में कोरबा पुलिस ने गोवा से आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खिलाने वाले सात अंतर्राज्यीय सटोरियों को गिरफ्तार किया है। इनमें छत्तीसगढ़ के चार, महाराष्ट्र के दो और एक आरोपी हरियाणा का निवासी बताया जाता है।

जिले के पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस. चौहान ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के अलग–अलग बैंक खातों में सौ करोड़ रूपये से अधिक का लेनदेन पाया गया है। वहीं, तीस  लाख रूपये के लेनदेन को पुलिस द्वारा होल्ड कराया गया है। पुलिस ने सट्टे का खुलासा करते हुए बताया कि एक स्थानीय सटोरिये से पूछताछ में पता चला कि आरोपी और उसके अन्य साथी गोवा में बैठकर महादेव ऐप पैनल के माध्यम से सट्टा संचालित कर रहे हैं, जिसके बाद एक टीम गठित कर गोवा के लिए रवाना की गई, जहां से आरोपियों की गिरफ्तारी हुई। आरोपियों के पास से तेरह लैपटॉप, अड़तालीस मोबाईल, छब्बीस बैंक पासबुक, चौदह चेकबुक और चालीस ए.टी.एम. कार्ड बरामद किए गए हैं।

**कवर्धा दुर्घटना–मुआवजा**

कबीरधाम जिले में बाहपानी गांव के पास कल हुई सड़क दुर्घटना के मृत उन्नीस में से सत्रह लोगों का आज सेमरहा गांव में अंतिम संस्कार किया गया।

अंत्येष्टि कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी शामिल हुए।

इस बीच, मृतकों के परिजनों को राज्य सरकार ने पांच–पांच लाख रूपये की मुआवजा राशि देने की घोषणा की है। वहीं, घायलों को पचास–पचास हजार रूपये की अतिरिक्त सहायता राशि देने का ऐलान किया है। यह राशि प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई सहायता और बीमा से मिलने वाली राशि के अतिरिक्त है। प्रशासन को यह भी निर्देश दिया गया है कि सड़क सुरक्षा के प्रति अतिरिक्त सावधानी बरती जाए।

गौरतलब है कि कल कबीरधाम जिले में कुकदूर थाना क्षेत्र के बाहपानी गांव के पास हुए सड़क हादसे में उन्नीस लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, तीन अन्य लोग घायल हैं।

## सिरपुर–पुरातत्व सर्वेक्षण दल

महासमुंद जिले में स्थित सिरपुर के प्राचीन लक्ष्मण मंदिर और आसपास के पुरा अवशेषों को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल की सूची में शामिल कराने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के संयुक्त महानिदेशक डॉक्टर प्रवीण कुमार मिश्रा ने सिरपुर का दौरा किया। इस दौरान डॉक्टर मिश्रा की टीम ने क्षेत्र में चल रहे अनुसंधान और दस्तावेजीकरण कार्यों का अवलोकन प्रस्तुत किया।

इसमें पुरातात्विक उत्खनन, ऐतिहासिक अनुसंधान, वास्तुशिल्प अध्ययन, सांस्कृतिक सर्वेक्षण, मानव विकास, जैव विविधता मूल्यांकन और सामाजिक–आर्थिक मूल्यांकन सहित विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है। डॉक्टर मिश्रा सिरपुर साडा के निमंत्रण पर यहां पहुंचे और एक डोजियर की तैयारी के लिए विशेष मार्गदर्शन दिया। इस दौरान उन्होंने सिरपुर में कई प्रमुख पुरातात्विक और ऐतिहासिक स्थलों का दौरा किया, जिनमें प्रसिद्ध सिरपुर लक्ष्मण मंदिर, गंधेश्वर मंदिर और बौद्ध विहार शामिल हैं।

गौरतलब है कि सिरपुर अपनी समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत के लिए प्रसिद्ध है, जिसमें छठी शताब्दी ईस्वी पूर्व के पुरातात्विक स्थल हैं। यहां प्राचीन मंदिर, मठ और शिलालेख मौजूद हैं।

## आतंकवाद विरोधी–शपथ

आज देशभर में आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर आज छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के शासकीय कार्यालयों में अधिकारी–कर्मचारियों ने आतंकवाद विरोधी शपथ ली।

राजभवन में सचिवालय की उप सचिव हिना अनिमेष नेताम ने अधिकारियों और कर्मचारियों को आतंकवाद और हिंसा का विरोध करने तथा विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ दिलाई।

वहीं, कोंडागांव में जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत और बस्तर में कलेक्टर विजय दयाराम के. ने अधिकारियों और कर्मचारियों को आतंकवाद विरोधी दिवस पर शपथ दिलाई।

**बस्तर–मोटरसाइकिल चोर गिरोह**

बस्तर पुलिस ने अंतर्राज्यीय मोटरसायकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चोरी की बीस मोटरसाइकिल बरामद की हैं, जिसकी कीमत लगभग पंद्रह लाख रूपये बताई गई है। इस मामले में पुलिस ने गिरोह के सरगना समेत पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह चोरी की मोटरसाइकिलों को माओवादी क्षेत्र और अन्य राज्यों में खपाता था। पुलिस के अनुसार इन आरोपियों ने जगदलपुर शहर के आसपास संजय मार्केट, डिमरापाल अस्पताल, कोड़ेनार, बोधघाट और बीजापुर, भैरमगढ़ तथा दंतेवाड़ा क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी की थी। वहीं, इस कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया गया।

**फुटबॉल**

नारायणपुर के रामकृष्ण मिशन आश्रम में खेले जा रहे अंडर–ट्वेंटी राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में दिल्ली और कर्नाटक की टीम फाइनल में पहुंच गई है। दोनों टीमों के बीच कल दोपहर साढ़े तीन बजे फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

इससे पहले, कल पहला सेमीफाइनल कर्नाटक और मणिपुर के बीच खेला गया, जिसमें कर्नाटक ने मणिपुर को शून्य के मुकाबले एक गोल से हराकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं, दिल्ली और मिजोरम के बीच खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मैच में दिल्ली ने मिजोरम को दो के मुकाबले तीन गोल से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

## अवैध प्लाटिंग–कार्रवाई

रायपुर जिला प्रशासन की टीम ने आज चार अलग–अलग स्थानों पर अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई करते हुए रोक लगा दी है। रायपुर तहसील के अंतर्गत उरकुरा, मांढर, कोटा और अमलीडीह में कलेक्टर के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के दौरान राजस्व अमला, नगर निगम और ग्राम पंचायत की टीम उपस्थित थी।

## मौसम

### मौसम का हाल–

मौसम विभाग के अनुसार हरियाणा से पूर्वी बांग्लादेश तक एक द्रोणिका बनी हुई है। वहीं, तटीय आंध्रप्रदेश और बंगाल की खाड़ी तक ऊपरी हवा का एक चक्रीय चक्रवाती घेरा विस्तारित है, जिससे एक निम्न दाब का क्षेत्र मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर बनने की संभावना है। इसके मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर अवदाब में परिवर्तित होने की संभावना है। इसके असर से प्रदेश के बस्तर संभाग में कल एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने या गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने के आसार हैं। वहीं, कुछ स्थानों पर अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी भी दी गई है।

---